### एक नजर में

## समृद्ध किसान सशक्त प्रदेश की भावना के साथ मंदसौर जिले में किसान सेवा सप्ताह का शुभारंभ



**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा के मार्गदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले की समस्त कृषि उपज मंडी में किसान सेवा सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक सिसोदिया, भाजपा संभाग प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया एंव किसान मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गणपतसिंह आंजना, किसान मोर्चा जिला महामंत्री योगेन्द्रसिंह चुण्डावत, भाजपा मंडल अध्यक्षगण सुमित सेन, नेपालसिंह सिसोदिया, भैरूलाल सेन, गोपाल पाटीदार, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, सहित अनेक जनप्रतिनिधिगणों एंव संगठन पदाधिकारीयों का मार्गदर्शन कृषक बंधुओं को लगातार मिल रहा है। किसान सेवा सप्ताह अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा दिनांक 23 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उन्नत किसानों का अभिनंदन कार्यक्रम, जल सेवा, स्वास्थ्य परीक्षण सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को कृषक परिवारों के साथ मनाने का कार्य करेगा। इसी क्रम में मंदसौर जिले की मंदसौर कृषि उपज मंडी एंव दलोदा कृषि उपज मंडी में किसान सेवा सप्ताह अभियान प्रारंभ हो चुका है। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किसान सेवा सप्ताह अंतर्गत आज दिनांक 25 मार्च 2026 बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के जन्म दिवस के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी कृषि उपज मंडी मंदसौर पर रखा गया है। किसान सेवा सप्ताह अंतर्गत भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के अनुरूप मंदसौर जिले में भी किसान बंधुओं के बीच निरंतर जन जागरूकता के कार्य जारी रहेगें। किसान सेवा सप्ताह में भाजपा किसान मोर्चा के समस्त जिला पदाधिकारीगण मंडल अध्यक्ष गण, कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिता में द ग्रेट आर्टिस्ट राजा रवि वर्मा प्रतिष्ठित अवार्ड से हर्षित हंस का सम्मान हुआ




**नाहरगढ।** मन्दसौर के हर्षित पिता अजय हंस पुणे महाराष्ट्र में राष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिता में द ग्रेट आर्टिस्ट राजा रवि वर्मा प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया गया। मन्दसौर जिले के टकरावद निवासी पिंपरी चिंचवड़ शहर पुणे के देवगिरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 2 के होनहार छात्र हर्षित पिता अजय हंस ने इंटरनेशनल कला दर्पण आर्ट एकेडमी पुणे द्वारा आयोजित बाल गंधर्व कला दर्पण शिवाजी नगर पुणे में राष्ट्रीय स्तर की चोथी कला दर्पण आर्ट प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रतिष्ठित 'द ग्रेट आर्टिस्ट राजा रवि वर्मा अवार्ड से सम्मानित किया। महाराष्ट्र की पावन धरती पर बहुत ही छोटी उम्र में मन्दसौर जिले का नाम गौरवान्वित करने पर परिवारजनों व क्षेत्र वासियों ने बंधाई शुभकामनाएं दी व हर्षित हंस के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पारिवारिक मिलन समारोह में मनोरंजक तरीके से बढ़ाया नॉलेज



**मंदसौर।** जैन सोश्यल ग्रुप ग्रेटर मंदसौर का विगत दिवस पारिवारिक मिलन समारोह संस्कार गार्डन, अफीम गोदाम रोड, मंदसौर पर बहुत ही खुशनुमा माहोल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण कर हंसा दिनेश जैन द्वारा मंगलाचरण का गान किया गया। नेहा जैन ने बहुत ही सुन्दर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

ग्रुप के अध्यक्ष दिलीप मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि जैन सोश्यल ग्रुप ग्रेटर का पारिवारिक मिलन समारोह ग्रूप परिवारों के सदस्यों की उपस्थिति में बहुत ही शानदार एवं खुशनुमा माहोल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जैन सोश्यल ग्रुप परिवार के सदस्य अन्य जैन सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं अन्य पद पर मनोनयन होने पर सकल जैन समाज के नवीन अध्यक्ष पद पर लोकेन्द्र जैन गोटावाला, सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष पद पर अनिल जैन सेन्ट्रल बैंक, सरावगी जैन समाज के अध्यक्ष पद पर महावीर पाटनी, भटेवरा जैन समाज के अध्यक्ष पद पर महेन्द्र जैन एवं सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री पद पर कमलेश कटारिया का मनोनयन होने पर ग्रुप द्वारा उन्हे पगडी, दुपट्टा एवं माला पहना कर सभी ने स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप ग्रेटर की नॉमिनेशन कमेटी द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्विरोध चुने पदाधिकारी में अध्यक्ष पद पर प्रदीप डोसी, उपाध्यक्ष पद पर विपिन पितलिया, सचिव पद पर राकेश बोरवाला, कोषाध्यक्ष पद पर शक्ति जैन, सहसचिव पद पर उमेश भडका एवं प्रवक्ता के पद पर श्रीमती वंदना राकेश जैन का ग्रूप द्वारा स्वागत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

ग्रुप द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 के इस पारिवारिक मिलन समारोह में बिदाई उद्बोधन देते हुए ग्रुप के अध्यक्ष दिलीप मेहता ने बताया कि जैन सोश्यल ग्रुप ग्रेटर समाज में अच्छे कार्य करने का प्लेटफार्म है, श्री मेहता ने वित्तीय वर्ष की गई सभी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अपनी बिदाई पर सभी सदस्यों से अध्यक्षीय पद पर रहते हुए किसी सदस्य को किसी प्रकार की ठेस या आघात पहुंचा हो तो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से क्षमा मांगी।

कार्यक्रम में ग्रुप के संयोजक विमल पामेचा, मप्र रिजन कन्वीनर महेन्द्र जैन, फेडरेशन कन्वीनर मुकेश धींग, पूर्व अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, अनिल जैन, महावीर जैन, कांतिलाल संघवी, कमलेश कटारिया, प्रदीप पहाडिया रमेश जैन तथा ग्रुप के अध्यक्ष दिलीप मेहता, उपाध्यक्ष रितेश मारू, सचिव विनय धींग, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश चोपडा, सहसचिव उमेश जैन, प्रवक्ता सुशील जैन बेग सहित बडी संख्या में ग्रुप परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में श्रीमती उषा पाटनी एवं श्रीमती वंदना राकेश जैन द्वारा हाउजी गेम खेलाया जाकर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान से बचेंगी धरोहर : बैरागी

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड मंदसौर जिला मंदसौर के दलौदा सेक्टर मे नवाँकुर संस्था द्वारा ग्राम पालसोड़ा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत 'जल शक्ति से नवभक्ति' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नवांकुर सखियों द्वारा वृहद कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के समापन अवसर पर जल स्त्रोत कुएं का पूजनकिया गया। नवांकुर सखियों द्वारा पीपल के वृक्ष का पूजन किया गया। साथ ही भाऊगढ़ चौराहे पर जल मंदिर (प्याऊ) स्थापना जैसी विविध गतिविधियां संपन्न हुईं।

इस अवसर पर जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी एवं ब्लॉक समन्वयक अर्चना भट्ट की विशेष उपस्थिति रही। परामर्शदाता रूपदेवसिंह सिसौदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 मार्च से 27 मार्च तक अभियान के प्रथम चरण में 'जल शक्ति स `नवभक्ति' के अंतर्गत जल स्त्रोत पूजन, वृक्ष पूजन, भूमि पूजन, मानस पाठ, दीपमाला, आरती, जल मंदिर (प्याऊ), भजन मंडली एवं देवी गीत जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि तृप्ति बैरागी ने अपने संबोधनमें कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करने का एक जन आंदोलन है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाएं।

उन्होंने कहा कि 'प्रकृति ने हमें जो अनमोल संसाधन दिए हैं, उनका संरक्षणकरना हम सभी की जिम्मेदारी है तथा विशेष रूप से मातृशक्ति को आगे आने के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट ने ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई तथा इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया तथा उन्होंने कहाकि ग्रामीण समाज में प्रकृति के प्रति जो पारंपरिक जुड़ाव है, वही इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है।




# सीईओ ने सुनी 81 समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 81 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। लसुडिया ईला निवासी मांगीलाल ने किसान सम्मान निधि के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार दलौदा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। भावगढ़ निवासी कन्हैयालाल ने अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्?तुत किया। जिस पर तहसीलदार दलौदा को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ईरली निवासी तेजराम ने नल कनेक्शन लगाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर सीईओ जनपद मल्हारगढ़ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**एक नजर** — 'ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी'

# दशपुर रंगमंच ने शहीदों को दी स्वरांजलि



**मंदसौर।** शहीद दिवस के गौरवमयी अवसर पर स्थानीय दशपुर रंगमंच द्वारा एक भव्य राष्ट्रीय गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 23 मार्च 1931 को देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से देशभक्ति का जज्बा जगा दिया।

संचालन करते हुए अभय मेहता ने बताया कि देश के इन महान सपूतों ने झुकने के बजाय हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे चाहते तो माफीनामा लिखकर सजा से बच सकते थे, लेकिन उन्होंने राष्ट्र की गरिमा को सर्वोपरि रखा।

देशभक्ति के गीतों के इस सिलसिले की शुरुआत आबिद शाह ने 'वतन पर जो फिदा होगा अमर वो नौजवां होगा' गीत से की, जिसने श्रोताओं में जोश भर दिया। इसके पश्चात ललिता मेहता ने अत्यंत भावुक स्वर में 'ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आँख में भर लो पानी' सुनाकर सबकी आँखें नम कर दीं। आशा तरवेचा ने 'हर करम अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिए' गाकर देश के प्रति समर्पण का भाव जगाया, तो सतीश सोनी ने 'जलवा हर तरफ तेरा जलवा' गीत से माहौल को ऊर्जावान बना दिया। स्वरांजलि की इस कड़ी में श्याम गुप्ता ने 'मेरे देश प्रेमियों आपस में प्रेम करो' के माध्यम से सद्भाव का संदेश दिया। हिमांशु वर्मा ने 'होठों पे सच्चाई रहती है जहाँ दिल में सफाई रहती है' और लोकेंद्र पांडेय ने 'मैं रहूँ या न रहूँ भारत ये रहना चाहिए' गाकर मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम प्रदर्शित किया। सिमरन बेलानी ने 'ये देश है वीर जवानों का' गीत पर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं आरक्षक नरेंद्र सागोरे ने 'वो मिट्टी के बेटे जो वापस न लौटे' के जरिए सरहद पर शहीद होने वाले जवानों को नमन किया।

राजा भैया सोनी ने 'संदेशे आते हैं' गीत से सैनिक के हृदय की पुकार साझा की, जबकि अभय मेहता ने 'छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी' गीत गाकर नए भारत के निर्माण का आह्वान किया। गीतों के साथ-साथ कवि ध्रुव तारा ने अपनी ओजस्वी कविता से दर्शकों के भीतर राष्ट्र प्रेम का संचार किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नीमच


### एक नजर में

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई 74 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए 74 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. अमन वैष्णव, एडीएम बी.एस.कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में बालागंज मनासा के सुनिल, अरनिया मामागिर के मदनलाल, नयागांव के सत्तु धाकड़, नीमच की जयश्री, दमोदपुरा की जानीबाई, सरोदा की मांगीबाई, भगवानपुरा के गोपाल, धनेरियाकलां की निर्मला, बरखेडा हाडा के किशोरदास, बोरदियाकला के कचरूलाल, बघाना के मुन्नालाल, बामनिया के शिवनारायण पाटीदार ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह नीमच की गंगाबाई, नयागांव के राजू धाकड, भरभडिया के शंभुलाल, स्कीम नं.7 नई आबादी नीमच की बशीरन, मालाहेडा की बच्चीबाई, रामपुरिया के प्रेम, आंत्रीबुजुर्ग के विनोद कुमार, चम्पी के भागीरथ, बराडा के प्रभुदास, जन्नोद के मोहनलाल, यादव मंडी बघाना के रामनारायण, बत्तीसडा की रामकुंवरीबाई, नीमच सिटी के मदनलाल, बमोरा की सरोजबाई, मालखेडा के शंकरलाल, कनावटी की गायत्रीबाई धनगर, भवरासा के पवनसिह आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर, समस्याएं सुनाई। जिस पर कलेक्टर ने समय सीमा में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान, जल शक्ति से नव भक्ति गतिविधियां आयोजित



**नीमच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर नीमच, सीईओं जिला पंचायत नीमच के मार्गदर्शन में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत परिषद के नेटवर्क प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं सी.एम.सी.एल.डी.पी. विद्यार्थी व मेन्टर्स तथा नवांकुर सखियो साथ ही स्थानीय जनसहभागिता के माध्यम से पर्यावरण एवं जल संरक्षण संबंधित गतिविधियों का क्रियान्वयन संपूर्ण नीमच जिले में प्रारंभ किया जा चुका है। सुरक्षित जल समृद्ध कल, कार्ययोजनानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान तीन चरणों में संपादित किया जाना है जिसमें प्रथम चरण जल शक्ति से नव भक्ति दिनांक 19 मार्च से 27 मार्च तक हो रहा है जिसमें प्रत्येक सेक्टर में जल मंदिर, प्याऊ की स्थापना, जल स्त्रोंत सेवा समागम एवं बावडी उत्सव, जल संरक्षण हेतु दीवार/नारा लेखन, वृक्ष पूजन, जल स्वच्छता अभियान, जल स्त्रोत किनारे दीपमाला सजाकर, जल स्त्रोत पूजन और संकीर्तन कर जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। आम नागरिकों सहित स्थानीय जनप्रतिनधियों, प्रतिष्ठितजनों व विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।

# अर्टिगा कार से पुलिस ने पकड़ा 160 ग्राम एमडी ड्रग्स




**सिंगोली। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध प्रदेश व्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया एवं श्रीमान एसडीओपी रोहित राठोर जावद के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुये सिंगोली थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम सिंगोली द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**

पुलिस थाना सिंगोली से जारी प्रेस नोट के अनुसार दिनांक 23.03.2026 को अवैध मादक पदार्थ की धरपकड व नाकाबंदी हेतु लगाई गई पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग करते ग्राम सिंगोली कास्या आमरोड़ ग्राम फुसरिया करीब साढ़े 6 बजे एक मारूती सुजूकी अरटिगा सिल्वर रंग की कार आती दिखी जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे जो कार चालक पुलिस की चैकिंग देखकर अपनी सिल्वर रंग अरटिगा कार को पलटाकर भगाने का प्रयास करने लगे उक्त वाहन को शंका होने पर शासकीय वाहन व फोर्स, पंचान की मदद से मारूती सुजूकी अरटिगा कार को घेराबंदी कर आरोपियो जुनैद अख्तर व दानीश उर्फ शानू के कब्जे से एक मारूती सुजूकी अरटिगा सिल्वर रंग की कार क्रमांक आरजे 17 यूए /6450 से 160 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी जप्त कर आरोपियो 1 जुनैद अख्तर पिता जाकीर हुसैन जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी कोटरी फकीरो की मस्जिद के पीछे छावनी कोटा राजस्थान 2 दानीश उर्फ शानू पिता निजामुद्दीन जाति मुसलमान उम्र 33 साल निवासी कोटरी फकीरो की मस्जिद के पीछे छावनी कोटा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ एमडी के स्त्रोतों के संबंध में पुछताछ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**जब्त की गई संपत्ति :** 01. 160 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी. कीमती 16,00000 रूपये

02. एक मारूती सुजूकी अरटिगा सिल्वर रंग की कार एमपी 17 6450 कीमती 8 लाख रुपए।

03. एक फिरोजी रंग का मोटोरोला कंपनी का एन्ड्राईड मोबाईल फोन किमती 15,000 रूपये, एक सिल्वर रंग का ओप्पो कंपनी का एन्ड्राईड मोबाईल

किमती 15,000 रूपये।

कुल कीमती 2430000 रूपये।

उक्त कार्य में थाना प्रभारी श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।



# घोड़े पर विदा किया टीआई अवस्थी को

**नीमच।** नीमच केंट थाना प्रभारी टीआई नीलेश अवस्थी का तबादला मनासा थाना होने के बाद उनकी विदाई का अनोखा अंदाज पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया। स्थानांतरण के बाद जब वे केंट थाने से रवाना हुए तो घोड़े पर सवार होकर फूलों की मालाओं से लदे हुए मनासा के लिए निकले। इस अनोखी विदाई को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

आमतौर पर पुलिस अधिकारियों की विदाई सादगी से होती है, लेकिन इस बार का दृश्य अलग ही नजर आया। सर्राफा एसोसिएशन, ईदगाह कमेटी और थाना स्टाफ ने मिलकर टीआई अवस्थी को सम्मानपूर्वक विदाई दी। उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और घोड़े पर बैठाकर उन्हें रवाना किया, जिससे यह विदाई यादगार बन गई।

इस संबंध में टीआई नीलेश अवस्थी ने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान सर्राफा एसोसिएशन की चोरी की घटनाओं को ट्रेस किया गया, ईद के अवसर पर बेहतर पुलिस व्यवस्था की गई और थाना स्टाफ को भी कई पुरस्कार प्राप्त हुए। इसी से खुश होकर सभी ने मिलकर उन्हें यह सम्मान दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि पुलिस में घुड़सवार बल की परंपरा भी रही है, इसलिए घोड़े पर विदाई लेना उन्हें उचित लगा। इधर, जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जारी आदेश में केंट थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी को मनासा, सौरभ शर्मा को केंट थाना और मनासा टीआई शिव रघुवंशी को लाइन अटैच किया गया है। हालांकि थाना प्रभारियों के इस फेरबदल से ज्यादा चर्चा टीआई अवस्थी की अनोखी विदाई की रही।

**एक नजर** — भेरुजी-माताजी के जयकारों से गूंजा नीमच

# नवरात्रि में सजा दिव्य दरबार, भजन संध्या में उमड़ा जनसैलाब






**नीमच। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर महू रोड स्थित श्रीपाल वाले भेरुजी-माताजी मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मंदिर परिसर में भेरुजी महाराज और माताजी का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। दिनभर दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।**

सोमवार रात आयोजित भव्य भजन संध्या ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में प्रतापगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक नवीन वैष्णव ने अपनी मधुर आवाज में भेरुजी महाराज और माताजी के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। भक्ति रस से सराबोर इन भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए।

मंदिर परिसर में सजे दिव्य दरबार की छटा और भजनों की गूंज ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर समाज में भक्ति, एकता और सद्भाव का संदेश दिया जा रहा है। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।